<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में सात सौ पैंसठ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– सरकार शासन की हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये है प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक कर की चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा। अधिकारियों को दिये संचारी रोगों के रोकथाम के लिये आवश्यक निर्देश।
- आयुष्मान योजना के छः साल पूरे होने और सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेशभर में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर। निशुल्क जांच कर दी गयी दवायें।
- सुल्तानपुर में ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती में शामिल एक बदमाश यूपीएसटीएफ के साथ मुठभेड़ में ढेर।

**************

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में कल सात सौ पैसठ करोड़ रुपये की एक सौ सत्ताइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने पन्द्रह सौ से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट भी वितरित किये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाने के लिये सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ और हर गरीब को राशनकार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। श्री योगी ने कहा कि मिर्जापुर में कई विकास योजनाओं का काम शुरू होने जा रहा है।

***दस वर्ष पहले मिर्जापुर जनपद की क्या स्थिति थी। इस जनपद में कनेक्टिविटी का अभाव था। गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। मां विंध्यवासिनी धाम के पवित्र मंदिर इस पवित्र शक्तिपीठों की क्या स्थिति रहा करती थी। यहां की सड़कों के क्या हालात थे और किस प्रकार से यहां गुंडा राज और माफिया राज हावी था ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। बदलते हुए उत्तर प्रदेश को पिछले साढ़े सात वर्ष के अंदर देखा है। बदलते हुए मिर्जापुर को भी आपने महसूस किया होगा। आज मैं भी गौरव की अनुभूति करता हूं क्योंकि मिर्जापुर के पास यहां की पहचान मां विंध्यवासिनी का पावन धाम आज भव्य और दिव्य रूप ले चुका है।***

**************

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की और इस सम्बन्ध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दो माह संचारी रोक की दृष्टि से संवेदनशील हैं इसलिये विशेष अभियान के माध्यम से इन रोगों के रोकथाम के लिये अन्तर्विभागीय समन्वय के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। सभी जिलों में ब्लड बैंक और ब्लड सेपरेशन यूनिट क्रियाशील रहे। उन्होंने कहा कि सत्रह सितम्बर से चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के माध्यम से लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया जाय।

**************

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में पच्चीस से उनतीस सितम्बर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जायेगा, जहां कौशल, रोजगार और उद्यमिता के प्रमुख क्षेत्रों की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जायेगा। पचीस सितम्बर को उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कल लखनऊ में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मंच पर लाने का माध्यम बनेगा।

**************

केन्द्र सरकार ने देशभर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए दाखिला ले चुके विद्यार्थियों को एक करोड़ से अधिक रूपए लौटाने में सुविधा प्रदान की है। उपभोक्ता कार्य विभाग ने बताया है कि छह सौ छप्पन से अधिक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन–उन्नीस पन्द्रह पर अपनी शिकायत दर्ज करके कोचिंग केंद्रों और निजी संस्थानों से अपनी धनराशि लौटाने की मांग की थी। इनमें से ज्यादातर शिकायतें छात्रों ने कोचिंग संस्थानों के खिलाफ गलत वायदे करने, पाठ्यक्रमों को रद्द करने और नामांकन शुल्क वापस नहीं करने से संबंधित थी।

**************

आयुष्मान योजना के छह साल पूरे होने और प्रदेश में चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कल सभी जिलों में प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में साठ वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गईं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

***सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूरे होने पर पूरे प्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें साठ वर्ष से ऊपर के हमारे जो भाई बहन है जो सीनियर सिटीजन है सभी की निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करके उनको जो भी दवाइयों की आवश्यकता है या उनको उच्च कोटि की अन्य किसी चिकित्सालय में स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत है उसको हम लोग व्यवस्थित ढंग से एक–एक मरीज के स्वास्थ्य का परीक्षण करके उनको पूरा करने का काम स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हम करेंगे।***

महराजगंज में स्वास्थ्य शिविर का उद्‌घाटन करते हुए केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अब तक इस योजना के माध्यम से एक लाख करोड़ रुपये की दवा का लाभ गरीब परिवारों को मिल चुका हैं।

गाजियाबाद के डासना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का प्रदेश सरकार के मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने शुभारम्भ किया।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों से निकलकर कई लोगों पर हमला करने वाले बाघ को कल पीटीआर की टीम ने ट्रिकुलाइज करके पकड़ लिया है। वहां के प्रभागीय वन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर इसे किसी जंगल या चिड़ियाघर में छोड़ा जायेगा।

***पिछले चार महीनों में मथना जप्ती, बहरो कला बांसखेड़ा के आसपास बाघ के हमलों में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी जो बाघ इन हमलों में शामिल था उसकी पहचान के लिए वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैमरा लगाए गए थे और दिनांक नौ सितम्बर दो हजार चौबीस को जो आखिरी हमला हुआ था उसमें इस बाघ की पहचान हुई थी क्योंकि बाघ ने हमला करके उस व्यक्ति को मारा है उसी क्रम में उच्च स्तर से परमिशन लेकर के उस बाघ को आज सक्सेसफुली ट्रेंकुलाइज कर लिया गया है।***

उधर, अमरोहा में इन दिनों कई स्थानों पर तेंदुएं दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि तेंदुएं को पकड़ने के लिये जिले में चार स्थानों पर पिंजरे लगाये गये हैं।

**********

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन प्राप्त करने के लिये राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों के आधार नम्बर लिंक करने की अवधि शासन स्तर पर बढ़ा दी गयी है। प्रदेश के उपभोक्ताओं को आधार लिंक करने के लिये इकतीस दिसम्बर दो हजार चौबीस तक का समय दिया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग के अपर आयुक्त सत्यदेव ने प्रदेश के सभी जिलापूर्ति अधिकारियों को इसके लिये पत्र जारी कर के बताया है कि आधार कार्ड लिंक करने की अन्तिम तिथि तीस सितम्बर निर्धारित थी, इसे तीन महीने के लिये बढ़ा दिया गया है।

**********

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना के लिये लखनऊ के तीन विश्वविद्यालयों सहित प्रदेश के आठ विश्वविद्यालयों को तीन करोड़ अट्‌ठासी लाख सतहत्तर हजार रूपये की अनुदान राशि स्वीकृत की है। विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने इस सम्बन्ध में एक आदेश जारी करते हुए बताया कि इस अनुदान से विश्वविद्यालयों को अनुसंधान के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने में मदद मिलेगी।

**********

रेलवे ट्रैक बाधित करने की साजिश करने वाले अराजक तत्वों की गिरफ्तारी की कोशिश के बीच कल रात नई दिल्ली से बिहार के गया जाने वाली महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन पर प्रयागराज में अराजक तत्वों ने जमकर पथराव किया। इस घटना में कई यात्री घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**********

सुल्तानपुर में एक ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती से संबंधित बदमाशों और यूपी एसटीएफ के बीच कल उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। जिसमें एक बदमाश मारा गया, जबकि दूसरा मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। यू पी एस टी एफ के चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बताया कि मृतक बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह निवासी जनपद अमेठी के रूप में हुई है।

**********